संदेश

बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों और पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ।

भगवान बुद्ध का संदेश हमें प्रेम, सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलते हुए मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। उनके जीवन और आदर्शों से समानता, सद्भाव और न्याय जैसे शाश्वत मूल्यों में हमारी आस्था प्रबल होती है।

इस समय, जब हम सब COVID-19 के रूप में आए अभूतपूर्व संकट का दृढ़ता से सामना कर रहे हैं, हमें भगवान बुद्ध के द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। मेरी कामना है कि इस पावन पर्व के अवसर पर हम भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए परस्पर भाईचारे की भावना को मजबूत करें।

(राम नाथ कोविन्द)

******